R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 8 | अजमेर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## यथा राजा तथा प्रजा इंडियन रेलवे और अजमेर रेलवे स्टेशन पर सटीक

बुजुर्ग सही कह गए जैसा राजा होगा वैसे ही गुणधर्म प्रजा भी अपना लेती है। अपने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव अजमेर को भले ही बड़ा स्टेशन बनाने के सपने देख रहे हों लेकिन उनकी प्रजा यानी रेलवे के अफसर धरातल पर काम करने की बजाय सपने में ही सब कुछ ठीक चल रहा है देखकर चैन से सो रहे हैं। यात्री क्या तकलीफभोग रहे हैं क्या सुविधाएं चाहते हैं ये सब इन सपनों के आगे बेमानी है।मोटी तनख्वाह मोटी पोस्ट अपना काम बनता भाड़ में जाए यात्री और जनता। उत्तर-पश्चिम के बड़े रेलवे स्टेशनों में शुमार अजमेर रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक बनाने के साथ यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने का दावा खोखला साबित हो रहा है। भविष्य में ये दावा मूर्त रूप ले सकेगा इसमें संदेह है क्योंकि खुद रेलवे के रखवाले ही न अपने जमीर की सुन रहे हैं और ना जनता जनार्दन की। आला अफसरों और कर्मचारियों के पुराने ढर्रे और काम करने की इच्छाशक्ति ना होने से रेलयात्री सामान्य सुविधाओं तक को तरस रहे हैं। केन्द्र सरकार और रेल मंत्रालय की बड़ी योजनाओं को मूर्त रूप देना तो दूर की बात है।करोडों रुपए अजमेर रेलवे स्टेशन को चकाचक करने पर खर्च किए जा रहे हैं। यात्रियों को सीढियां ना चढ़नी पड़े इसके लिए बाकायदा एक्सेलेटर लगाए गए। बीमार बुजूर्ग व दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए लिफ्ट लगाई गई। इनके अलावा खान पान से लेकर आरामगाह जैसे अनगिनत नवाचारों से रेल मंत्रालय ने स्टेशन को नवाजने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडी। इस सबके बावजूद नतीजा सिफर आ रहा है। स्टेशन पर प्रदत्त सुविधाओं पर ग्रहण लगा देख यात्री खीज कर अपने सफर पर आगे बढ़ जाता है।



### एक्सेलेटर और लिफ्ट बंद रहना आम बात

दीगर बात यह है कि केन्द्र सरकार और रेल मंत्रालय ने स्टेशन पर मुहैया कराई यात्री सुविधाओं और संसाधनों के संचालन जिम्मा रेल कर्मचारियों को सौंप कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। वक्त के साथ दौडने की बजाय पुराने ढर्रे पर धीमी गति के समाचार की तरह काम करने के आदतन हो चुके कर्मचारियों पर भरोसा करना ना केवल रेल मंत्रालय को भारी पड रहा है बल्कि इसका खमियाजा रेल यात्रियों को भी भुगतना पड रहा है। हर माह 10 से 15 दिन अजमेर रेलवे स्टेशन पर एक्सेलेटर और लिफ्ट बंद रहना आम बात हो चुकी है। ऐसे में पांच प्लेटफार्म के बीच आने जाने की जरूरत पडने पर सीढी एकमात्र विकल्प बचता है। कई बार तो सीढी ना चढ पाने वाले यात्री रेलवे ट्रेक क्रास करने को मजबूर हो जाते हैं।

### 400 करोड़ रुपए भी हो जाएंगे पानी

अजमेर स्टेशन पर ब्रह्मा मंदिर पुष्कर और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की वजह से सैकड़ों पर्यटकों व श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रहती है। अजमेर रेलवे स्टेशन पर 400 करोड़ रुपए की लागत से कई कार्य होने हैं। स्टेशन भवन का पुनर्निर्माण किया जाएगा। परियोजना में निर्माण के साथ संचालन और रखरखाव के साथ ग्रीन बिल्डिंग सुविधाएं होंगी। इतना खर्च होने के बाद भी रेलवे के अफसरों और कर्मचारियों का ढर्रा नहीं बदला तो ये खर्च भी पानी की तरह बह जाएगा।

### जुबानी जमा खर्च में शिकायत का निपटान

कोई जानकार या जागरुक नागरिक स्टेशन पर व्याप्त परेशानियों और बिगडे हालात की शिकायत दर्ज कराना चाहे तो उसे पसीने आ जाएंगे। स्टेशन पर पांच प्लेटफार्म हैं और शिकायत दर्ज करने का काउंटर सिर्फ प्लेटफार्म नंबर एक पर उपलब्ध है। यानी किसी प्लेटफार्म नंबर चार-पांच पर कोई असुविधा हो रही है तो उसे गुहार लगाने के लिए पहले तो प्लेटफार्म नंबर एक पर आना होगा। वहां भी शिकायत दर्ज कराना आसान काम नहीं है। इसकी वजह से ज्यादातर यात्री शिकायत पुस्तिका में अपनी व्यथा बयां नहीं कर पाते। कोई फिर भी काउंटर तक पहुंच जाए तो वहां काबिज रेलवे के जिम्मेदार कारिंदे शिकायत पुस्तिका देने में आनाकानी करते हैं। सब कुछ जुबानी जमा खर्च की तर्ज पर निपटाने की कवायद की जाती है।

### ट्वीटर पर सुनवाई केवल मार्केटिंग फंडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मार्केटिंग गुरु हैं तो उनके मंत्री भी भला कहां पीछे रहने वाले हैं। एक ट्वीट पर चलती ट्रेन में बीमार यात्री को ऑक्सीजन सिलेंडर या दवा पहुंचाने या फिर मुसीबत में फंसी किसी अबला को चलती ट्रेन में मदद पहुंचाने जैसे नवाचारों की मार्केटिंग करने वाले रेलमंत्री शायद रोजाना होने वाले सैकड़ों ट्वीट नहीं देख पाते। तभी तो उन्हें ट्वीट कर राहत का इंतजार करने वाले सैकड़ों यात्री सिर्फइंतजार ही करते रहे जाते हैं। स्टेशन पर कंट्रोल रूम के फोन नंबर पर कॉल करने का यात्री के पास कोई सबूत भी नहीं रहता ऐसे में अफसर भी सब खैरियत का राग अलापते रहते हैं।





## राजस्थान में भाजपा ने हरियाणा में पार्टी की जीत पर मनाया जश्न


### मुख्यमंत्री भजनलाल ने बनाई जलेबी

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत को लेकर मंगलवार को यहां आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर जश्न मनाया।इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित भाजपा नेताओं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जलेबी भी बनाई। हरियाणा में चुनाव परिणाम पर शर्मा ने कहा कि यह हरियाणा की जनता की जीत हैं और वहां के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कामों की जीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लूट और झूठ का सहारा लिया लेकिन हरियाणा की जनता ने उसे सबक सिखा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने भ्रम फैलाया था लेकिन मोदी के मजबूत नेतृत्व पर हरियाणा की जनता ने भरोसा जताया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राजस्थान में आगामी उपचुनावों में भी भाजपा की जीत होगी।उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हरियाणा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भाजपा के नेताओं को पहले से ही लग रहा था कि बहुत अच्छे परिणाम आयेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं और राजस्थान से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई नेता प्रचार में जुटे थे और उनकी मेहनत रंग लाई तथा जनता ने फिर से विश्वास किया हैं और भाजपा की तीसरी बार हरियाणा में सरकार बन रही हैं। उन्होंने भाजपा की जीत पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रम पैदा करने की कोशिश की थी लेकिन हमेशा भ्रम नहीं चलता और इसे जनता ने नकार दिया और अब वह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही भ्रम फैलाने की कोशिश की भाजपा आई तो देश में आरक्षण एवं संविधान समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की डबल इंजन की सरकार बन गई लेकिन हमने ऐसा कुछ नहीं किया। इसी तरह अन्य नेताओं ने भी मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास एवं सबका साथ का इसे परिणाम बताया।

### कांग्रेस की लूट झूठ और अफवाहों की राजनीति को हरियाणा की जनता ने नकारा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब देते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के विजन पर फिर से विश्वास जताया है। शर्मा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि वहां के जागरुक मतदाता ने विकसित भारतए विकसित हरियाणा के लिए वोट देकर बड़े जनादेश के साथ भारतीय जनता पार्टी को जिताया है। इसके लिए वहां की जनता बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं और जो करते हैंए वही कहते हैं। इसलिए पूरे देश की जनता में उनके प्रति अटूट विश्वास है। जबकि कांग्रेस लूट झूठ और अफवाहों का सहारा लेकर राजनीति करती है। आज हरियाणा की जनता ने कांग्रेस की इस राजनीति को नकार कर करारा जवाब दिया है।

## नहीं रहे उद्योगपति रतन टाटा, 86 वर्ष की आयु में निधन



मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा का बुधवार देर रात मुंबई के लीलावती अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ था। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हम टाटा को बहुत ही दुख के साथ विदाई दे रहे हैं जो वास्तव में एक असाधारण नेता थेए जिनके अतुल्य योगदान ने न केवल टाटा समूह को बल्कि हमारे राष्ट्र के ताने.बाने को भी आकार दिया है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह के लिए टाटा एक अध्यक्ष से कहीं बढ़कर थे। उन्होंने कहा कि मेरे लिए वे एक गुरु मार्गदर्शक और मित्र थे। उन्होंने उदाहरण देकर प्रेरणा दी। उत्कृष्टताए अखंडता और नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने अपने नैतिक मानदंडों के प्रति हमेशा सच्चे रहते हुए अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार किया।

चंद्रशेखरन ने कहा कि परोपकार और समाज के विकास के प्रति टाटा के समर्पण ने लाखों लोगों के जीवन को छुआ है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तकए उनकी पहल ने एक गहरी छाप छोड़ी है जिसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। इस सभी कार्य को पुष्ट करने वाला टाटा का हर व्यक्तिगत बातचीत में वास्तविक विनम्रता थी।

उन्होंने कहा कि पूरे टाटा परिवार की ओर से मैं उनके प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी विरासत हमें प्रेरित करती रहेगी क्योंकि हम उनके सिद्धांतों को बनाए रखने का प्रयास करते रहेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस को जनादेश,भाजपा के खाते में 29 सीटें



श्रीनगर। जम्मू.कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस नेकां और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुये बहुमत हासिल कर लिया है तथा नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला का एकबार फिर मुख्यमंत्री बनना तय लगता है। राज्य विधानसभा की कुल 90 सीटों के चुनाव में मंगलवार को हुई मतगणना में नेकां ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए कुल 42 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। भारतीय जनता पार्टी दूसरे स्थान पर है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी का जनाधार खिसक गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला ने मतगणना के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में अपनी पार्टी को मिले जन समर्थन को उम्मीद से ज्यादा बताते हुए कहा है कि पार्टी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी।

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि जम्मू.कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने को जरूरी बताया और कहा कि यह गठबंधन की पहली प्राथमिकता होगी। गठबंधन सरकार केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा वापस लेगी और इस काम को तत्काल प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने के बाद एक अलग माहौल में इस केन्द्र शासित प्रदेश में हुए पहले चुनाव में बड़ी उम्मीद के साथ चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 29 सीटें मिली हैं। भाजपा को मुख्यतः जम्मू क्षेत्र की सीटों पर सफलता मिली है जबकि नेकां और कांग्रेस का कश्मीर घाटी और दक्षिण कश्मीर की सीटों पर दबदबा रहा है। राज्य में तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत माने जाने वाली महबूबा मुफ्ती की पार्टी ;पीडीपी केवल तीन सीटों पर सिमट गई है जबकि सात सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। डोडा सीट

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम




जीतकर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक ने जीत दर्ज कर राज्य में पहली बार अपनी पार्टी का खाता खोला है। जम्मू.कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस आम आदमी पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को एक.एक सीट हासिल हुई है।नेशनल कांफ्रेंस ;नेकां के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बडगाम और गंदेरबल दो सीटों से विजयी हुए हैं। पार्टी के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने उमर की जीत के बाद कहा कि वही ;उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बनेंगे दिल्ली में कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने नेकां-कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है और जोड़तोड़ से बहुमत हासिल करने के भाजपा के इरादे पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि नेकां-कांग्रेस के अपने-अपने चुनाव घोषणा हैं। हम मिलकर सरकार बनाएंगे और मिलकर प्रदेश विकास का काम करेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा कि गठबंधन जम्मू.कश्मीर को केन्द्र शासित प्रदेश नहीं रखना चाहता। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पीडीपी की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने श्रीमुफ्वारा.बिजबेहरा विधान सभा सीट से मतगणना पूरी होने से पहले ही अपनी हार मान ली थी। जम्मू.कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन हंदवाडा सीट से जीते हैं उन्होंने नेकां के चौधरी मोहम्मद रमजान को 662 वोटों के अंतर से हराया। माकपा के मोहम्मद युसुफ तारीगामी ने कुलगाम निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार सायर अहमद रेशी को 7838 वोटों से हराया। वर्ष 2014 के चुनाव में पीडीपी कुल 87 सीटों वाली विधानसभा में 28 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। उसके बाद दूसरे स्थान पर भाजपा को 24 सीटें मिली थीं।

नौसेरा सीट पर जम्मू.कश्मीर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रवीन्द्र रैना नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार सुरेन्द्र कुमार चौधरी से 7819 वोट से हार गए हैं। इन चुनाव में भाजपा को 25.64 प्रतिशत नेकां को 23.43 प्रतिशत कांग्रेस पार्टी को 11.97 प्रतिशत और पीडीपी को 8.87 प्रतिशत मत प्राप्त हुये। अन्य पार्टियों और निर्दलियों ने 24.83 प्रतिशत वोट हासिल किए।



## हैदराबाद में नकली काले जादू से ठगने वाला अरेस्ट

हैदराबाद। हैदराबाद पुलिस ने नकली काले जादू अनुष्ठानों के जरिए लोगों को ठगने वाले एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपी ने कई लोगों को अपने नकली अनुष्ठानों से धोखा दिया और उनके पैसा लूटे। यह गिरफ्तारी कमिश्नर की टास्क फोर्स दक्षिण.पूर्व जोन की टीम ने बंडलगुडा पुलिस स्टेशन के सहयोग से की।आरोपी की पहचान बहादुरपुरा निवासी और कालापत्थर पुलिस स्टेशन के पूर्व कुख्यात उपद्रवी बाबा मोहम्मद कलीम उर्फ खली ;48 के रूप में हुई है जिसे विश्वसनीय जानकारी के आधार पर हिरासत में लिया गया। उसके खिलाफ मामला तब दर्ज किया गया जब नाजिया नाम की एक महिला ने अपने ससुराल वालों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश से काला जादू करने के लिए मोहम्मद कलीम से संपर्क किया। शिकायतकर्ता मोहम्मद इरफान मलिक को इस साजिश के बारे में तब पता चला जब उसे एक वीडियो प्राप्त हुआए जिसमें उनके परिवार की तस्वीरें गेहूं के आटे की गुड़िया के साथ रखी हुई थींए जिनका उपयोग काला जादू करने में किया गया था।वीडियो के साथ धमकी भी दी गई थी कि उनका पूरा परिवार 48 घंटों के अंदर मर जाएगा।इस घटना के बाद बंदलगुडा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।जांच के बाद पता चला कि खुद को आध्यात्मिक उपचारक बताने वाला मोहम्मद कलीम पहले भी शहर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में इसी तरह के पांच मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और काले जादू जैसे फर्जी दावों का शिकार न होने की चेतावनी दी है। इस मामले में आरोपी के खिलाफआगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम

# चुनावी महाभारत में भाजपा की हैट्रिक, सदमे में कांग्रेस





नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धत्ता बताते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की।पिछले विधानसभा में राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 48 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करके दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। कांटे के सीधे मुकाबले में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी और कांग्रेस 37 सीटों तक ही पहुंच पाई है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं।कुछ समय पूर्व तक भाजपा से गठबंधन तोड़कर चुनाव लड़ी जननायक जनता पार्टी इस बार खाता खोल भी नहीं पाई जबकि पिछले चुनाव में पार्टी को 10 सीटें मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल को इस बार दो सीटें डबवाली और रानिया मिली हैं। तीन सीटों गन्नौर बहादुरगढ और हिसार पर निर्दलीय उम्मीदवारों को विजय हासिल हुई है। हरियाणा के परिणामों से कांग्रेस सदमे में दिखी पार्टी ने इन नतीजों को अप्रत्याशित बताते हुए कहा है कि इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा में पार्टी से जीत छिनी गई है। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों ;ईवीएम में गड़बड़ी की ओर संकेत करते हुए कहा कि पार्टी पूरे तथ्यों के साथ इसके खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाएगी। भाजपा ने अपनी जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि यह उसकी सरकार के दस वर्ष के सुशासन और मेहनत का फल है। भाजपा नेता अनिल विज ने कहा कि ये परिणाम पूरी तरह अपेक्षित हैं।आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हरियाणा के चुनाव से एक सबक मिलता है कि किसी को भी अति आत्मविश्वास में नहीं रहना चाहिए। पार्टी के नेता और दिल्ली में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमें पहले से ही लग रहा था कि एग्जिट पोल के अनुमान जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा सीट पर कांग्रेस के मेवा सिंह को 16 हजार से भी अधिक मतों से हराया। जबकि गढी सांपला किलोई से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने भाजपा की मंजू को 71 हजार से भी अधिक वोटों से हराकर शानदार जीत दर्ज की।कांग्रेस की सबसे चर्चित प्रत्याशी पहलवान विनेश फोगाट जुलाना में कड़े मुकाबले में भाजपा के कप्तान योगेश बैरागी को 6015 मतों के अंतर से हराया। पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता अनिल विज अंबाला छावनी से कड़े मुकाबले में कांग्रेस की बागी प्रत्याशी चित्रा सरवरा से 7000 मतों के अंतर से जीते। तोशाम से भाजपा प्रत्याशी श्रुति चौधरी ने काँग्रेस के प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी को 14000 मतों के अंतर से हराया।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता पंचकुला से काँग्रेस प्रत्याशी चंद्रमोहन से हार गए। भाजपा सरकार में मंत्री रहे कमल गुप्ता हिसार सीट पर तीसरे नंबर पर रहे जहां भाजपा की बागी प्रत्याशी सावित्री जिंदल ने काँग्रेस प्रत्याशी राम निवास राड़ा को हराया। एक अन्य मंत्री असीम गोयल अंबाला शहर सीट से कांग्रेस के निर्मल सिंह मोहरा से चुनाव हार गए। भाजपा के बड़े नेताओं में शुमार ओम प्रकाश धनखड़ को भी हार का सामना करना पड़ा।पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उचाना कलां से बुरी तरह चुनाव हार गए। वह केवल 7920 वोट पाकर पांचवें नंबर पर रहे। कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान होडल से ढाई हजार मतों के अंतर से चुनाव हार गए। हरियाणा लोकहित पार्टी ;हलोपा के गोपाल कांडा सिरसा से चुनाव हार गए। उन्हें काँग्रेस के गोकुल सेतिया ने हराया। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला एलनाबाद से कांग्रेस के भरत सिंह बेनीवाल से 15000 मतों से चुनाव हार गए।कांटे के चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक 39.90 और कांग्रेस को 39.10 प्रतिशत वोट मिले। इंडियन नेशनल लोकदल 4.15 प्रतिशत के साथ तीसरे नम्बर पर बहुत पीछे रही। सभी 90 सीटों पर प्रत्याशी उतारने वाली आम आदमी पार्टी को केवल 1.79 प्रतिशत वोट मिले। राज्य में शनिवार को एक चरण के चुनाव में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ था। एग्जिट पोल के अनुमानों में कांग्रेस को भारी बहुमत से सरकार बनाते हुए दिखाया गया था।

## RTGS और NEFT लाभार्थी खाता नाम लुकअप सुविधा शुरू होगी

मुंबई। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यूपीआई और आईएमपीएस की तरह की अब रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम ;आरटीजीएस और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर ;एनईएफटी सिस्टम के लिए भी भुगतान प्रणालियां प्रेषक को भुगतान लेनदेन शुरू करने से पहले प्राप्तकर्ता ;लाभार्थी का नाम सत्यापित करने की सुविधा किया जाएगा।भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देने के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आरटीजीएस और एनईएफटी में प्रेषकों को फंड ट्रांसफर शुरू करने से पहले लाभार्थी खाताधारक के नाम को सत्यापित करने में सक्षम बनाने के लिए अब लाभार्थी खाता नाम लुक.अप सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव है। प्रेषक लाभार्थी का खाता नंबर और शाखा आईएफएससी कोड इनपुट कर सकते हैंए जिसके बाद लाभार्थी का नाम प्रदर्शित होगा।उन्होंने कहा कि यह सुविधा ग्राहकों का विश्वास बढ़ाएगी क्योंकि इससे गलत क्रेडिट और धोखाधड़ी की संभावना कम हो जाएगी। विस्तृत दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

## 250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा.पार्ट 1

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा.पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 250 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म श्देवरा.पार्ट 127 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआरए जाह्नवी कपूर और सैफअली खान ने मुख्य भूमिका निभायी।

# प्रेमी संग मिलकर परिवार के 13 लोगों को जहर देकर मार डालने वाली पाकिस्तानी लड़की अरेस्ट



सुक्कुर सिंध। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक लड़की और उसके प्रेमी को अपने परिवार के 13 सदस्यों को जहर देकर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कहा कि शाइस्ता अमीर बख्श से प्यार करती थी लेकिन उसका परिवार उनकी शादी के लिए सहमत नहीं था जिसके कारण उसने प्रेमी के साथ मिलकर 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में सामूहिक हत्या करने की योजना बनाई। जहरीला खाना खाने से शाइस्ता के परिवार के 9 सदस्यों की जल्द ही मौत हो गई जबकि परिवार के 4 अन्य सदस्यों की मौत कुछ दिनों में इलाज के दौरान हो गई। शाइस्ता ने पूछताछ के दौरान सारी साजिश का पर्दाफाश कर दिया।पुलिस ने कहा कि शाइस्ता पर पुलिस को पहले से ही संदेह था क्योंकि अपने संयुक्त परिवार में वह अकेली जिंदा बची थी।

## 8 साल की बेटी से रेप के दोषी पिता को 20 साल सश्रम कारावास



कोल्हापुर। महाराष्ट्र में कोल्हापुर के जिला एवं सत्र न्यायालय ने सोमवार को एक व्यक्ति को 10 जनवरी 2020 को शहर के उपनगर लक्ष्यतीर्थ वसाहट में अपनी ही नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने के जुर्म में 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। सरकारी अभियोजक मंजूषा पाटिल के अनुसार 44 वर्षीय शराबी आरोपी ने 10 जनवरी 2020 की रात को शहर के लक्ष्यतीर्थ वसाहट इलाके में अपने घर पर अपनी आठ वर्षीय पुत्री से दुष्कर्म किया। इस घटना के समय घर में परिवार का कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। बच्ची की मां जब घर लौटीए तो पीड़िता ने पूरी घटना अपनी मां को बताई जिसने तुरंत अपने पति के खिलाफपुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कुल 9 गवाहों की गवाही के बाद सत्र न्यायाधीश केबी अग्रवाल ने आरोपी पिता को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 04 के तहत दोषी पाया और सजा सुनाई।

## फर्जी पुलिस अफसर बनकर ठगी करने वाला शातिर अरेस्ट



भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के नदबई थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए ठगने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि शातिर ठग अमर चंद बघेल ;46 ने नदबई क्षेत्र के करीली गांव के दो भाइयों प्रशांत और अभिषेक जाट से खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए उन्हें पुलिस में कांस्टेबल और उच्च न्यायालय में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे साढ़े पांच लाख रुपए ठग लिए।इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अमर चंद बघेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अमरचंद खुद को कभी पुलिस निरीक्षकए उप अधीक्षक और सीवी सीआईडी में अधिकारी बताकर ठगी करता था। उसने अब तक ठगी की 20 वारदातों का अंजाम देना स्वीकार किया है।

## तीन नकबजन अरेस्ट चोरी का माल बरामद

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन नकबजनों को गिरफ्तार करके उनसे चोरी का माल बरामद किया है। अजमेर उत्तर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक रुद्र प्रकाश शर्मा ने बुधवार को बताया कि सात अक्टूबर को राकेश गर्ग ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि पटेल मैदान के नजदीक राजहंस वाटिका समारोह स्थल से एसी, गीजर, पानी की मोटर, नल, शावर, एलईडी, टी.वी गद्दे आदि चोरी चले गए।उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायत की गहनता से पड़ताल और अनुसंधान के बाद पुलिस ने वारदात का 24 घंटे में ही पर्दाफाश करके हरीश मेघवाल ;36 धारासिंह रावत ;33 हनुमान रावत ;40 को गिरफ्तार करके उनसे ज्यादातर माल बरामद कर लिया। उनसे आगे पूछताछ की जा रही है।

## उड़ान के दौरान पायलट की मौत, तुर्की एयरलाइंस के विमान की आपातकालीन लैंडिंग



इस्तांबुल। सिएटल से इस्तांबुल के मार्ग पर उड़ान के दौरान पायलट की मौत होने के कारण तुर्की एयरलाइंस के एक यात्री विमान की बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 6 बजे न्यूयॉर्क के जॉन एफकैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि 59 वर्षीय कैप्टन इलसेहिन पहलवान उड़ान के दौरान बेहोश हो गए। विमान में तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने के बावजूद उन्हें बचाने के प्रयास असफल रहे। एयरलाइन के प्रवक्ता याह्या उस्तुन ने पुष्टि की कि कॉकपिट चालक दल ने आपातकालीन लैंडिंग के लिए न्यूयॉर्क जाने का विकल्प चुना। विमान ने मंगलवार शाम को सिएटल से उड़ान भरी थी। उन्होंने कहा कि पहलवान का मार्च में व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन किया गया था और उन्हें उड़ान कर्तव्यों के लिए मंजूरी दे दी गई थी।





# राजगढ़ धाम पर धूमधाम से भरा छठ मेला, हजारों श्रद्धालु पहुंचे

## चमत्कारी चिमटी लेने को मची होड़

अजमेर। राजगढ स्थित श्री मसाणिया भैरव धाम पर शारदीय नवरात्रा महोत्सव के दौरान विशाल छठ मेला धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बाबा भैरव व मां कालिका के जयकारों के बीच भरा गया।मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने चक्की वाले बाबा के मंदिरए बाबा भैरव मां कालिका के साथ वीर तेजा जी महाराज के प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना की। छठ मेले पर सुबह महाराज के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं के हुजूम के साथ चक्की वाले मंदिर से शोभायात्रा निकली।महाराज के सान्निध्य व छठ मेले के मुख्य अतिथि बगरू विधायक पूर्व संसदीय सचिव कैलाश वर्मा ने ध्वजारोहण कर छठ मेले का शुभारम्भ किया। शोभायात्रा के दौरान बाबा भैरव व मां काली के जयकारों से राजगढ़ धाम गुजांयमान हो गया। शोभायात्रा मां कालिका के मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह.जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। छठ मेले के पावन अवसर पर एमएलडी कन्या महाविद्यालय केकड़ी की छात्राओं ने बाबा भैरव व मां कालिका के मनभावन भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मेले में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भैरवए मां कालिकाए धाम पर चल रही अखण्ड ज्योति के दर्शन किए साथ ही सर्वधर्म मनोकामना पूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा कर विशेष चमत्कारी चिमटी प्राप्त की। श्रद्धालू बाबा भैरव व मां कालिका के साथ चम्पालाल महाराज के नाम के भी जयकारे लगाते रहे।छठ मेले में बस, कार, टेम्पो व दोपहिया के कारण दो किलोमीटर दूर तक वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। छठ मेले के चलते राजगढ़ में दुकानें शुक्रवार रात्रि से ही सजना शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की।धाम् पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत चम्पालाल महाराज ने छठ मेले के अवसर पर राजगढ़ धाम पर आए श्रद्धालुओं को भ्रूण हत्या को रोकने व बेटियों को पढ़ाने के लिए संकल्प दिलाया। श्री मसाणिया भैरव धाम पर छठ मेले का समापन शाम को महाआरती के साथ चम्पालाल महाराज के द्वारा किया गया। समापन आरती मे विशेष पूजा अर्चना के साथ बाबा भैरवनाथ व मां कालिका को छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगाया गया।


### बेटियां लक्ष्मी का अवतार होती है -चम्पालाल महाराज

चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि बेटियां अपने खुद का सौभाग्य लेकर आती हैं। जिस परिवार पर मां लक्ष्मीजी की कृपा होती है वहां वह खुद बेटी का अवतार लेकर आती है। महाराज ने श्रृद्धालुओं को नशामुक्ति का संकल्प दिलाते हुए कहा कि कहा कि नशा तो नाश का कारण है। नशा अपराध की जड़ है। नशे से परिवार बिगड़ता है। उन्होंने नारे लगवाते हुए कहा कि समाज और परिवार की खुशहाली की पहचान नशा मुक्त हो हर इंसान और बोतल फोड़ो, नशा छोड़ो, घर को जोड़ो। भैरव धाम राजगढ़ पर चल रहे नशामुक्ति अभियान में अब तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु नशे का त्याग कर अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन यापन कर रहे है।

### राजगढ धाम पर चढाए गए सैकड़ों झण्डे

छठ मेले के अवसर पर राजगढ़ धाम पर हरियाणा, यूपी, मध्यप्रदेश, दिल्ली, बिहार, पंजाब, कनाड़ा, नेपाल, हिसार के साथ प्रदेश के अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, सरवाड़, जयपुर, भरतपुर, झुंझुनूं,सीकर, भरतपुर, बीकानेर, चूरू, सुजानगढ़, भीलवाड़ा, कोटा, गंगानगरए जैसलमेर, जोधपुर, पाली, नागौर, विजयनगर, बगरू,अलवर, बूंदी, चित्तौड़गढ आदि जगहों से लगभग 800 झण्डे बाबा भैरव व मां कालिका के श्री चरणों में चढाए गए।

# Combination nanotherapeutic clotting implant reduces localized tumor recurrence post-surgery




A combination therapeutic implant consisting of metal-based nanomedicine reinforced with patient derived blood clotting components reduces localised tumour recurrence post-surgery. The technology can be used to fabricate a therapeutic kit that can generate this autologous hybrid implant by using simple equipment such as handheld homogenizer and a centrifuge which might be beneficial to marginalised cancer patients. Surgery and chemotherapy are inevitable in managing solid tumors. However, local recurrence due to residual tumor and systemic toxicity due to drug non-specificity confer these vital modalities inefficient. Nanotechnological tools show promise in reducing toxicity and improving solubility of chemodrugs, but due to their poor tumor bioavailability (0.7% of injected dose) and rapid clearance by reticulo endothelial system, their progress is deescalated. A key obstacle is also the adsorption of host serum proteins over the surface of nanoparticles termed as 'protein corona'. Protein corona has been recently established as a molecular fingerprint of a patient and has been realized to be integrated into the basic design of nanoparticles for a futuristic personalized treatment strategy. Considering serum proteins being the first line of interaction for a drug molecule soon after its systemic administration, scientists are trying to devise ways in positively channelizing corona proteins towards generation of precision nanomedicines and diagnostic tools. Scientists at Institute of Nano Science and Technology (INST), Mohali, an autonomous institute of Department of Science and Technology in collaboration with researchers from IIT Ropar, AIIMS Bilaspur and PGIMER Chandigarh have developed and tested an indigenous intra-operative combination treatment consisting of drug and metal-based nanomedicine stabilized by patient derived serum protein corona termed as Nano-Micro-Sera (NMS) and reinforced them into autologous fibrin to aid in the post-surgical management of locally recurrent tumors.

## अनुसंधान सहायकों के 26 पदों के लिए विज्ञापन जारी

अजमेर। राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से मूल्यांकन विभाग में अनुसंधान सहायक के 26 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। अजमेर मुख्यालय पर आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने मंगलवार को बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर से 13 नवंबर तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि एवं स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भर्ती सम्बंधित विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है।

## पुष्कर पशु मेले की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

अजमेर। कलक्टर लोकबंधु ने सभी विभागों को अगले महीने आयोजित होने वाले श्री पुष्कर पशु मेला 2024 की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। लोकबंधु ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्री पुष्कर पशु मेला सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि पुष्कर मेले की अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। हमें उसी स्तर पर तैयारियां करनी हैं। मेले के आयोजन से जुड़े सभी विभाग अपने से संबंधित कामकाज को नवम्बर से पहले ही पूरा करा लें। मेले की अवधि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं पशुपालकों एवं पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। उन्होंने पुष्कर नगर परिषद को सभी तरह की व्यवस्था और तैयारी करने के आदेश दिए।

## ओडिशा सरकार ने ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाकर 20 लाख की

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने कर्मचारियों की ग्रेच्युटी सीमा 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्यमंत्री मोहन माझी के निर्णय के अनुसार सभी नियमित रा'य सरकार के कर्मचारियों के लिए मृत्यु.सह.सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी ;डीसीआरजी लाभ एक जनवरी 2024 से 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न सेवा संघों ने सरकार से राज्य सरकार के कर्मचारियों को स्वीकार्य डीसीआरजी की अधिकतम सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# नहीं आए डिप्टी सीएम बैरवा और जल संसाधन मंत्री रावत

**◆ अजमेर के संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने भी बनाई दूरी ◆ राजकीय इंजीनियरिंग कालेज का फ्रेशर डे सेलिब्रेशन**

अजमेर। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बडल्या ने मंगलवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभागार में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा और विशिष्ट अतिथि जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत व संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा थे। लेकिन ये तीनों ही कार्यक्रम में नहीं आए और कार्ड में नाम छपने तथा वितरण के बावजूद ऐन मौके पर प्रदेश के दोनों प्रमुख जनप्रतिनिधियों के ना आने साथ ही तीन जिलों के सबसे आला अफसर संभागीय आयुक्त के भी कार्यक्रम से दूरी बना लेना अबूझ पहेली



बन गया।राजकीय इंजीनियरिंग कालेज का फ्रेशर डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम के लिए छपवाए गए कार्ड में स्थानीय विधायक एव विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी तथा विधायक अनिता भदेल तक का नाम नहीं था। हालांकि उपमुख्यमंत्री बैरवा तथा जलसंसाधन मंत्री रावत के ना आने पर आनन फानन में आयोजन स्थल बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा और जिला परिषद के लोकपाल सेवानिवृत आरएएस सुरेश कुमार सिंधी ने शिरकत की। प्राचार्य रेखा मेहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। कालेज के शिक्षकों और छात्रों ने इससे पहले सुबह 9 बजे से साढे ग्यारह बजे तक बडल्या कालेज में अध्यापन कार्य किया। यहां शिक्षकों से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाई गई।

रजिस्टर में उपस्थिति के लिए कार्यक्रम के बाद सभी शिक्षकों से कार्यक्रम स्थल पर ही हस्ताक्षर करवाए गए। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों सहित द्वितीय और तृतीयवर्ष के विद्यार्थियों की भीड के कारण सभागार में अव्यवस्था हो गई। कालेज के कई शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने खडे होकर ही कार्यक्रम में शिरकत की। कई शिक्षक और कर्मचारी सभागार के बाहर बैठे रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं।

# अजमेर के गुजराती समाज के गरबा रास में झलकती है गुजराती संस्कृति

अजमेर। शहर में धूम धडाके और डीजे पर बजते गानों पर खनकते डांडियों से इतर शांत वातावरण में परंपरागत तरीके से होने वाला गुजराती समाज का गरबा महोत्सव मिसाल बना हुआ है। गुजराती गरबा रास में डांडिये नहीं खनकते बल्कि ताली बजती है। गोल घेरे में नंगे पैर नृत्य कर माता रानी की आराधना की जाती है। आरती भी गुजराती भाषा में गायी जाती है।

गुजराती महामंडल के अध्यक्ष चंद्रकात पटेल, सचिव नितिन भाई, सह सचिव राजेश अंबानी का कहना है कि हर साल शारदीय नवरात्र में होने वाले गरबा रास में सभी गुजराती परिवार जुटते हैं। गरबा सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। पहले दिन सिर्फ महिलाएं गरबा नृत्य करती हैं इसके बाद छोटे, बडे, महिला, पुरुष, बच्चे सामूहिक रूप से गरबा रास में शिरकत करते हैं। गरबा नृत्य में ताली चुटकी, खंजरी, डंडा मंजीरा आदि का ताल देने के लिए प्रयोग होता हैं। वर्तमान में यह आयोजन गुजराती स्कूल परिसर में हो रहा है। पूरी पवित्रता के



### ऐसे होती है घट स्थापना

नवरात्रों की पहली रात्रि को गरबा की स्थापना होती है। गुजराती परंपरा के अनुसार 27 छिद्र वाले मिट्टी के कलश में दीपक प्र'जवलित किए जाते हैं। कलश में 27 छिद्र 27 नक्षत्रों का प्रतीक माने जाते हैं। यह घट दीपगर्भ कहलाता है। कच्ची मिट्टी के सछिद्र घड़े को फूलपत्तियों से सजाकर उसके चारों ओर गरबा रास किया जाता है।

साथ माता रानी की आराधना की जाती है। पूरे 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा इस महोत्सव के दौरान की जाती है।गरबा नृत्य के लिए महिलाओं के लिए पारंपरिक वस्त्रों में घाघराए चोलीए और दुपट्टा शामिल होता हैं। वहीं पुरूष भी धोती कुर्ता और पगड़ी आदि पहन कर गरबा खेलते है। इसके अलावा महिलाएं और पुरुष गरबा नृत्य के समय झुमके, बांगड़ी, और अन्य तरह के आभूषण सजने के लिए पहनते हैं। मान्यता है कि गरबा के समय तालियों से जो आवाज उत्पन्न होती है उससे सकारात्मक ऊर्जा आती है। इसके अलावा जीवन की नकारात्मकता भी समाप्त हो जाती है।

## बाड़मेर-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा के संचालन समय में परिवर्तन

जयपुर। राजस्थान में उत्तर.पश्चिम रेलवे द्वारा बाड़मेर-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा के संचालन समय में परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर.पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बुधवार को बताया कि गाड़ी संख्या 14896 बाड़मेर.जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा 15 अक्टूबर को बाड़मेर से मध्यान्ह 12 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय पूर्वाह्न 10 बजे रवाना होकर जोधपुर स्टेशन पर शाम सवा पांच बजे के स्थान पर परिवर्तित समय अपराह्न सवा तीन बजे पहुंचेगी।

## त्रिनेत्र गणेश मन्दिर के रास्ते में बाघ दिखने से श्रद्धालु दहशत में

सवाई माधोपुर। राजस्थान के सवाई माधोपुर में रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मन्दिर जाने वाले रास्ते पर बुधवार सुबह बाघ के आ जाने से श्रद्धालु दहशत में आ गए। मन्दिर के सिंहद्वार पर करीब 15 मिनट तक चहलकदमी करने के बाद बाघ जोन नम्बर 5 की तरफ रूख कर नजरों से ओझल हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच श्रद्धालुओं को बाघ के आसपास से दूर किया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार जोन नम्बर 5 से निकलने वाला यह बाघ टी.120 गणेश हो सकता है।

# प्रथम पुण्यतिथि पर बच्चों को याद करके छलके आंसू




अजमेर। हमारे इकलौते बेटे को दुनिया से गए एक साल हो गए। ईश्वर के फैसले के आगे तो इंसान के बस में सब्र के सिवा कुछ नहीं होता। बस एक टीस अब भी साल रही है जिस बेटे को हमने 22 साल तक पाला पोसा उसे हमसे छीनने वाले के खिलाफकानूनी कार्रवाई कब होगी। यह बोलते हुए मृतक चिराग सक्सेना के पिता देवेन्द्र की आंखे नम हो गई। 3 के 3 वैशाली नगर निवासी देवेन्द्र सक्सेना ने बताया कि आज ही के दिन एक साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को मेरे 22 वर्षीय पुत्र चिराग सक्सेना ;नर्सिंग स्टूडेंट के साथ सहपाठी देवेंद्र और गजेंद्र के साथ दुर्घटना घटित हुई। पुष्कर घाटी पर अवैध रूप से चल रहे बजरी भरे डंपर ने चिराग और देवेंद्र को मौत की नींद में सुला दिया। इनका एक साथी गजेंद्र आज भी कौमा में है जिसका उपचार चल रहा है। गजेन्द्र ना बोल पाता है ना चल पाता है। उसे खाना भी नलियों से दिया जा रहा है। एक लाचार पिता और तीन मां जिनके यह इकलौते पुत्र थे। ये अपने बच्चों को खो देने के बाद आज किस हाल में होंगे यह बात शायद ही किसी नेता, सामाजिक संगठन, शासन, प्रशासन, समाज न्यायपालिका ने सोची होगी। इन बच्चों का जीना या मरना शायद ही परिजनों के अलावा किसी के लिए मायने रखता हो इन्होंने कोरोना जैसी महामारी में भी अपना कर्तव्य धर्म निभाया। चिराग अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। चिराग के पिता सामाजिक कार्यकर्ता और माता ग्रहणी है। देवेंद्र के पिता पूलिस में थे जिनकी मृत्यु पश्चात देवेंद्र को नौकरी मिलने वाली थीए अब देवेंद्र की माता अकेली हैं। गजेंद्र की माता स्कूल में कर्मचारी थीं अब वह घर पर अपने बच्चे की देखभाल कर रही है। तीनों परिवारों ने अपने जीवन को किसी न किसी रूप में समाज देश को आगे बढाने में लगाए रखा उसके बावजूद सरकार और अन्य किसी ने आज दिन तक इन परिवारों की कोई सुध नहीं ली।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)